(300)

पत्र सं०–09 / बजट–11–05 / 2025....161(9)/स्वा०,

**झारखण्ड सरकार**

**स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।**

प्रेषक,

अजय कुमार सिंह,
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),
झारखण्ड, रांची।

रांची, दिनांकः– 11.05.26

विषयः वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजना अन्तर्गत डिमना स्थित नव निर्मित एम०जी०एम० मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर में Dialysis Unit की स्थापना हेतु आवश्यक नये मशीन उपकरणों के क्रय एवं आपूर्ति के लिए कुल–2,02,40,000/–(दो करोड़ दो लाख चालीस हजार) रुपए मात्र के प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य योजना अन्तर्गत अधीक्षक, एम०जी०एम० मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर के पत्रांक–1066/2026 दिनांक–24.03.2026 द्वारा उपलब्ध कराए गए अधियाचना के आलोक में नव निर्मित एम०जी०एम० मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर में Dialysis Unit की स्थापना हेतु आवश्यक नये मशीन उपकरणों के क्रय एवं आपूर्ति के लिए कुल–2,02,40,000/–(दो करोड़ दो लाख चालीस हजार) रुपए मात्र पर योजना की प्रशासनिक स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की जाती हैः–

| क्र० | उपकरण का नाम/कार्य विवरणी | संख्या | स्वीकृत राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | Hemodialysis Machine | 10 | 8400000 |
| 2. | R.O. Water Treatment Plant | 01 | 5500000 |
| 3. | Dialysis Chairs/Beds | 10 | 750000 |
| 4. | Multi-Parameter Monitors | 05 | 750000 |
| 5. | Defibrillator | 01 | 200000 |
| 6. | Suction Apparatus | 02 | 80000 |
| 7. | Weighing Scale | 01 | 20000 |
| 8. | Refrigerator | 01 | 40000 |
| 9. | Furniture & Electrical | . | 2000000 |
| 10. | Civil Works & Interiors | . | 2500000 |
| **Total** | | | **20240000** |

2. इस स्वीकृत राशि का आवंटनादेश अलग से निर्गत किया जाएगा ।
3. योजना पर होने वाले व्यय का विकलन निम्नलिखित बजट शीर्ष से किया जायेगा।

| क्र० | बजट शीर्ष |
|---|---|
| 1. | बजट शीर्ष–4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय–01–शहरी स्वास्थ्य सेवाएँ–110–अस्पताल तथा औषधालय–45–मेडिकल कॉलेज एवं 500 शय्यावाले अस्पतालें–आधार भूत संरचना–01–मेडिकल कॉलेज और 500 बिस्तर वाले अस्पताल, नवीनीकरण और मरम्मत सहित बुनियादी ढ़ांचा का निर्माण, ड्रग्स, मशीन उपकरण, फर्नीचर, मेटैरियल्स आपूर्ति आदि की खरीद–03–प्रशासनिक व्यय–36–चिकित्सीय आपूर्ति (विपत्र कोड 20एस–4210–01–110–45–01–03–36) |
| 2. | बजट मुख्य शीर्ष–4210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय–01–शहरी स्वास्थ्य सेवाएँ–110–अस्पताल तथा औषधालय–45–मेडिकल कॉलेज एवं 500 शय्यावाले अस्पताले–आधारभूत संरचना–01–मेडिकल कालेज और 500 बिस्तर वाले अस्पताल, नवीनीकरण और मरम्मत सहित बुनियादी ढांचा का निर्माण, ड्रग्स, मशीन उपकरण, फर्नीचर, मैटेरियल्स आपूर्ति आदि की खरीद–05–निर्माण–45–निर्माण कार्य (विपत्र कोड–20एस 4210–01–110–45–01– 05–45) |

(आनन्द कुमार सिन्हा)
अवर सचिव।

(ललित मोहन शुक्ला)
संयुक्त सचिव।

(अजय कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

4. आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी अधीक्षक, एम०जी०एम० मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर होंगे तथा इस राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची होंगे।

5. राशि की निकासी जमशेदपुर कोषागार से की जायेगी।

6. किसी भी परिस्थिति में दायित्व उत्पन्न नहीं किया जायेगा। राशि का व्ययन पदाधिकारी द्वारा पूरी पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा के साथ किया जायेगा।

7. Dialysis Unit के मशीन उपकरणों का क्रय प्रतिष्ठित कम्पनी से नियमानुसार खुली निविदा/ई–टेन्डरिंग/Gem Portal के माध्यम से किया जायेगा।

8. राशि की निकासी वित्त विभाग की परिपत्र सं0–2561, दिनांक–17.04.1998 एवं समय–समय पर निर्गत अन्य परिपत्रों के अधीन की जाएगी।

9. क्रय किए जाने वाले मशीन उपकरणों की सही गुणवत्ता के लिए संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जबावदेह होंगे।

10. झारखण्ड वित्तीय नियमावली (भाग–1) के नियम 473 एवं 475 में विहित निदेश/ वित्तीय नियमावली बजट मैनुअल तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में विहित प्रावधानों तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत अनुदेशों का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का दायित्त्व होगा।

11. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्षान्तर्गत हुए व्यय का सत्यापन नियमानुसार महालेखाकार, झारखण्ड, राँची के साथ निश्चित रुप से कराते रहेंगे तथा व्यय प्रतिवेदन एवं सत्यापन विवरणी विभाग को समर्पित करेंगे तथा प्रगति प्रतिवेदन (वित्तीय एवं भौतिक) प्रत्येक माह के 10वीं तारीख तक ऑन–लाईन विभाग को अवश्यमेव उपलब्ध कराया जाएगा।

12. प्रस्ताव पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है ।

विश्वासभाजन

(अजय कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांकः–09/बजट–11–05/2025 161 (9) व राँची, दिनांक– 11.05.26

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित उपायुक्त/अभियान निदेशक, एन०एच०एम०/निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ/प्राचार्य/अधीक्षक, एम०जी०एम० मेडिकल कॉलेज अस्पताल, जमशेदपुर/संबंधित कोषागार पदाधिकारी/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार/संबंधित प्रशाखा के प्रभारी पदाधिकारी/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव/योजना बजट प्रशाखा के कम्प्यूटर सहायक, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द कुमार सिन्हा)
अवर सचिव।

(ललित मोहन शुक्ला)
संयुक्त सचिव।

(अजय कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

161 (9) व
11.05.26